# LEGISLATIVE ASSEMBLY
# NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI
## Bulletin Part-I
**(Brief summary of proceedings)**
**Friday, 08 June 2018 / 18 Jyeshtha 1940 (*Saka*)**

**No. 84**
**02.04 PM** **Sh. Ram Niwas Goel, Hon'ble Speaker in-Chair**

1. 2.05 PM Members of BJP demanded that the notice for calling attention given by Shri Manjinder Singh Sirsa should be taken up. They stood up and argued with the Chair. The Chair stated that he had disallowed the Notice.
*(**2.11 PM** : Members of BJP walked out of the House in protest.)*

2. 2.12 PM **Question Hour :**
Starred Questions No. 41, 43, 47 to 49 were asked and replied to. Replies to Starred Questions No. 42, 45, 46, 50 to 60 (except 44 & 54) and Un-Starred Questions No. 111 to 170 (except 120 & 170) were placed on the table.
**Directions of the Chair:**
"Keeping in view the concerns of the Hon'ble Members and sense of the House, I hereby direct that Starred Question No. 44 pertaining to Services Department and Starred Question No. 54 pertaining to Land and Building Department be listed for 11th June, 2018.
Reply of Unstarred Question No. 120 of Services Department has also not been received. Replies to all these questions should be submitted through the concerned Minister.
Further, the Administrative Secretary/ Principal Secretaries of Services Department and Land and Building Department should be present in the Officer's Gallery at 2.00 PM on Monday, 11th June, 2018."

3. 3.09 PM **Shri Manish Sisodia, Hon'ble Deputy Chief Minister** made a brief statement regarding *Janlok Pal Bill* and stated that the aforesaid Bill which was passed by Delhi Legislative Assembly on 04th December, 2015 and had been reserved for the consideration of the Hon'ble President.

4. 3.13PM **Special Mention(Rule-280):**
The Chair ruled that the matters to be raised by the following Members under Rule-280 be treated as read :
   1. Sh. Vishesh Ravi
   2. Sh. Akhilesh Pati Tripathi
   3. Sh. S.K. Bagga
   4. Sh. Naresh Yadav
   5. Sh. Jarnail Singh
   6. Sh. Prakash
   7. Sh. Manjinder Singh Sirsa
   8. Sh. Praveen Kumar
   9. Sh. Sandeep Kumar
   10. Sh. Rajesh Gupta

5. 3.13 PM **Papers laid on the Table :**
**Shri Satyendra Jain, Hon'ble Minister of Power** laid copies of the following on the Table of the House :
**I.** Annual Report of Delhi Electricity Regulatory Commission for the year 2014-15 (English & Hindi).
**II.** Notification No. F. 8/Misc/2012/HP-II/6985-96 dated 25 August 2017 regarding 'The Delhi Poisons Possession and Sale Rules, 2015' (English).

6. 3.14 PM The Chair informed that Shri Manish Sisodia, Hon'ble Deputy Chief Minister had given notice of amendment in Resolution (Rule-90) moved by him on 06th June, 2018 in the House and the text of the Resolution had been circulated to the Members.

7. 3.15 PM Shri Nitin Tyagi requested that the House be adjourned for the day due to sad demise of brother of Sh. Rajesh Rishi, Hon'ble MLA (AC-30, Janak Puri).

The Chair took the sense of the House, which agreed with the request.
The Chair announced that on Monday, 11.06.2018 the House would discuss the Starred Questions whose replies had not been received and the Government Resolution. He stated that no other business would be taken up.

8. 3.15 PM **The Chair adjourned the House upto 2.00 PM on Monday, 11 June 2018.**

**Delhi** **C. Velmurugan**
**08th June, 2018** **Secretary**

विधान सभा
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
समाचार भाग–1
(कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख)
शुक्रवार, 08 जून, 2018 / 18 ज्येष्ठ, 1940 (शक्)

संख्या–84

**2.04 बजे** **श्री रामनिवास गोयल, माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए।**

1. 2.05 बजे भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों ने श्री मनजिंदर सिंह सिरसा द्वारा दिये गये ध्यानाकर्षण के नोटिस पर विचार करने की मांग की। वे अपने आसन पर खड़े हो गये तथा अध्यक्ष महोदय के साथ बहस करने लगे। अध्यक्ष महोदय ने कहा कि उन्होंने नोटिस को अस्वीकार कर दिया है।
*(**2.11 बजे** : भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों ने विरोधस्वरूप सदन से बहिर्गमन किया।)*

2. 2.12 बजे **प्रश्न कालः**
तारांकित प्रश्न संख्या 41, 43 एवं 47 से 49 पूछे गये तथा उनके उत्तर दिये गये। तारांकित प्रश्न संख्या 42, 45, 46, 50 से 60 (44 एवं 54 को छोड़कर) तथा अतारांकित प्रश्न सख्या 111 से 170 (120 एवं 170 को छोड़कर) के उत्तर सदन पटल पर प्रस्तुत किये गये।
**अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश :**
''माननीय सदस्यों द्वारा व्यक्त की गई चिंता और सदन की भावना के दृष्टिगत, मैं यह निर्देश देता हूं कि सेवा विभाग से संबंधित तारांकित प्रश्न संख्या 44 तथा भूमि एवं भवन विभाग से संबंधित तारांकित प्रश्न संख्या 54 को दिनांक 11 जून, 2018 को सूचीबद्ध किया जाये।
सेवा विभाग से संबंधित अतारांकित प्रश्न संख्या 120 का उत्तर भी प्राप्त नहीं हुआ। इन सभी प्रश्नों के उत्तर संबंधित मंत्री महोदय के माध्यम से प्रस्तुत किये जायें।
इसके अतिरिक्त सेवा विभाग तथा भूमि एवं भवन विभाग के प्रशासनिक सचिव / प्रधान सचिव सोमवार, दिनांक 11 जून, 2018 को अपराह्न 2.00 बजे अधिकारी दीर्घा में उपस्थित रहें।''

3. 3.09 बजे **श्री मनीष सिसोदिया, माननीय उप मुख्यमंत्री** ने *जन लोकपाल विधेयक* के संबंध में संक्षिप्त वक्तव्य दिया तथा कहा कि उक्त विधेयक दिल्ली विधानसभा द्वारा दिनांक 04 दिसम्बर, 2015 को पारित कर दिया गया था और यह राष्ट्रपति महोदय के विचार हेतु आरक्षित है।

4. 3.13 बजे **विशेष उल्लेख (नियम–280) :**
अध्यक्ष महोदय ने व्यवस्था दी कि निम्नलिखित सदस्यों द्वारा नियम–280 के अंतर्गत उठाये जाने वाले विशेष उल्लेख के मामले पढ़े हुये माने जायें :–

| | |
|---|---|
| 1. श्री विशेष रवि | 6. श्री प्रकाश |
| 2. श्री अखिलेशपति त्रिपाठी | 7. श्री मनजिंदर सिंह सिरसा |
| 3. श्री एस.के.बग्गा | 8. श्री प्रवीण कुमार |
| 4. श्री नरेश यादव | 9. श्री संदीप कुमार |
| 5. श्री जरनैल सिंह | 10. श्री राजेश गुप्ता |

5. 3.13 बजे **सदन पटल पर प्रस्तुत कागजात :**
**श्री सत्येन्द्र जैन, माननीय उर्जा मंत्री** ने निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां सदन पटल पर प्रस्तुत कीः
क) दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग का वर्ष 2014–15 हेतु वार्षिक प्रतिवेदन (हिन्दी–अंग्रेजी प्रतियां)
ख) ''दिल्ली विष धारण एवं बिक्री नियम, 2015'' से संबंधित अधिसूचना संख्या एफ.8 / मिस. / 2012 / एच.पी–6985–96 दिनांक 25 अगस्त, 2017 (अंग्रेजी प्रति)

6. 3.14 बजे अध्यक्ष महोदय ने सूचित किया कि श्री मनीष सिसोदिया, माननीय उप मुख्यमंत्री ने उनके द्वारा दिनांक 06 जून, 2018 को सदन में प्रस्तुत संकल्प (नियम–90) में संशोधन का नोटिस दिया है और संकल्प की विषय वस्तु माननीय सदस्यों को वितरित कर दी गई है।

7. 3.15 बजे श्री नितिन त्यागी ने अनुरोध किया कि श्री राजेश ऋषि, माननीय विधायक (ए.सी–30, जनकपुरी) के भाई के निधन के कारण सदन को स्थगित कर दिया जाये। अध्यक्ष महोदय ने इस संबंध में सदन की भावना जाननी चाही, जिसके बाद अनुरोध स्वीकार कर लिया गया। अध्यक्ष महोदय ने घोषणा की कि सोमवार दिनांक 11 जून, 2018 को सदन में सरकारी संकल्प तथा उन तारांकित प्रश्नों पर चर्चा होगी जिनके उत्तर प्राप्त नहीं हुये। उन्होंने कहा कि किसी अन्य कार्य को विचारार्थ नहीं लिया जायेगा।

8. 3.15 बजे **अध्यक्ष महोदय ने सदन की कार्यवाही सोमवार, दिनांक 11 जून, 2018 को अपराह्न 2.00 बजे तक के लिए स्थगित की।**

**दिल्ली**
**08 जून, 2018**

सी. वेलमुरूगन
सचिव